प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

0000

'आज के मुख्य समाचार''

- हवाई संपर्क व पर्यटन को मजबूत करने के उदेश्य से प्रदेश सरकार ने दिल्ली–शिमला व शिमला–धर्मशाला मार्गों पर दैनिक हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए एलाइंस ऐयर के साथ किया एमओयू

- प्रदेश में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर आज रिवाइज्ड व अंतिम रोस्टर किया जाएगा जारी

- मंडी में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में आज संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव पर बनेगी रणनीति

- एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत मंडी जिला में विशेष सत्रों का हो रहा आयोजन

- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज और कल मौसम रहेगा खराब, मध्यवर्ती क्षेत्रों में ओलावृष्टि को लेकर आरेंज अलर्ट जारी

एमओयू

प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को मजबूत करने व पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एलायंस एयर लिमिटेड के साथ दिल्ली–शिमला और शिमला–धर्मशाला मार्गों पर दैनिक उड़ानें संचालित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। यह पहल दिल्ली व शिमला तथा धर्मशाला के बीच सीधा हवाई सम्पर्क स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यटन व नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक विवेक भाटिया ने बताया कि एमओयू के तहत इसी महीने से इन दोनों मार्गों पर दैनिक हवाई सेवाएं आरंभ होंगी।

रोस्टर

प्रदेश में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर आज रिवाइज्ड और अंतिम रोस्टर जारी किया जाएगा। प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इस संबंध में बीते कल उपायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं।

दरअसल, राज्य सरकार ने आरक्षण रोस्टर को लेकर हाल ही में एक अधिसूचना जारी की थी जिसके तहत उपायुक्तों को पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर में पांच प्रतिशत सीटों को आरक्षित और अनारक्षित करने की शक्तियां दी गई थीं। इस अधिसूचना पर पांच पूर्व पंचायत प्रधानों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमें कोर्ट ने कल अंतरिम आदेश जारी करते हुए उपायुक्तों को दी गई शक्ति पर रोक लगाई है और उपायुक्तों को आज शाम तक अंतिम रिवाइज्ड रोस्टर जारी करने के आदेश दिए हैं।

जागरूकता

प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है और प्रदेश में प्राकृतिक खेती और पशुपालन को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर रही है। ये बात कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने कांगड़ा जिला के ज्वाली में अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए क्षमता निर्माण, आजीविका संवर्धन व सतत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने प्राकृतिक खेती और उससे जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

भाजपा बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज मंडी में होगी। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पार्टी के अनुसार इस कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न आयामों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा की जाएगी।

एचपीवी टीकाकरण

भारत सरकार ने देशव्यापी निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान 28 फरवरी 2026 से आरम्भ किया है। अभियान का लक्ष्य सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 वर्ष की आयु की लगभग एक करोड़ 20 लाख पात्र लाभार्थी लड़कियों को टीका लगाना है जिससे इन लड़कियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर रोग से बचाव मिलेगा। हिमाचल के मंडी जिला में भी 29 मार्च से यह अभियान शुरू किया गया है। विस्तृत रिपोर्ट के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता

*मंडी जिला में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत गर्भाशय ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। 29 मार्च से शुरू हुआ ये अभियान तीन महीनों तक चलेगा, जिसके तहत हर रविवार को टीकाकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रोहांडा ब्लॉक में एक विशेष शिविर आयोजित किया गया, जहां 14 वर्ष की किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन की सिंगल डोज दी गई। बीएमओ रोहांडा डॉ. लाल सिंह ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी उपाय है और यह 93 से 100 प्रतिशत तक कारगर पाई गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस टीके का मासिक धर्म या प्रजनन क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण करवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।*

रोजगार मेला

ऊना जिला में हरोली उत्सव के दौरान 14 अप्रैल को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला के क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न निजी उद्योगों के लिए 550 युवाओं की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि भर्ती में विभिन्न पदों के लिए पात्र युवाओं के साक्षात्कार होंगे, जिसमें पंजीकरण निशुल्क रहेगा।

इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। यह समारोह देशभर में एक साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें इग्नू के 51 क्षेत्रीय केंद्रों पर विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र, शिमला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति प्रो महावीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

नगर निगम

ऊना शहर में नशे के खिलाफ संकल्प ऊना नाम से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम ऊना के आयुक्त महेन्द्र पाल ने बताया कि इस अभियान के तहत नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए विभिन्न जागरूता कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। आयुक्त ने बताया कि इस अभियान से हर घर को जोड़ा जाएगा और शिक्षण संस्थान इसकी सबसे अहम कड़ी रहेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज बादल छाए हैं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज से प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिसका असर अगले तीन दिनों तक रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आज से प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में वर्षा और ऊंची चोटियों पर हिमपात की संभावना है, जबकि मध्यवर्ती क्षेत्रों में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

*7 अप्रैल की शाम से एक वेस्टर्न डिस्टरवेंस एक्टिव होगा, इससे 7 अप्रैल की देर शाम से लेकर के 8 अप्रैल की देर रात तक पूरे प्रदेश में ही बारिश होने की संभावना है, इमसें विशेष तौर पर हमारे जो क्षेत्र हैं, उना, बिलासुपर, हमीरपुर, जो डिस्ट्रिक्टस हैं, यहां थंडरस्ट्रॉम व लाइटनिंग के साथ कुछ पॉकेटस में ओलावृष्टि हो सकती है। इसमें अगर अलर्ट की बात करें तो 7 अप्रैल को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और चंबा में ओलावृष्टि को लेकर आरेंज कैटागिरी का अलर्ट जारी किया गया है। ओवरऑल बात करें तो 9 अप्रैल तक प्रदेश में एक्टिवटी है बारिश की। विशेषकर 7 व 8 अप्रैल को सबसे ज्यादा वेस्टर्न डिस्टरवेंस एक्टिव रहेगा।*

एथलेटिक्स

बहुतकनीकी महाविद्यालयों की 27वीं राज्य स्तरीय एथलैटिक्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आज से राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित हो रही है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 बहुतकनीकी महाविद्यालयों के करीब 668 विद्यार्थी भाग लेंगे, जिनमें 245 छात्राएं और 423 छात्र शामिल हैं।

राफ्टिंग

कुल्लू जिला में संचालित साहसिक गतिविधियों विशेषकर रिवर राफ्टिंग की समीक्षा के लिए नियामक समिति की बैठक उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान रिवर राफ्टिंग गतिविधियों में सुरक्षा मानकों के सख्त अनुपालन व पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा है कि सिंगल काउंटर व्यवस्था को शीघ्र प्रभाव से लागू किया जाए, जिसके तहत राफ्टिंग की सभी बुकिंग केवल अधिकृत सिंगल काउंटर सिस्टम के माध्यम से ही की जाएगी।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– दो मीटरों पर 126 से 300 यूनिट तक घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली सब्सिडी बहाल। जबकि पंजाब केसरी के शब्द हैं–126 से 300 यूनिट बिजली खर्च पर मिलेगी 1 रूपये 72 पैसे सब्सिडी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–पंचायत आरक्षण में डीसी के पांच फीसदी कोटा पर रोक। वहीं, दैनिक जागरण लिखता है–हाईकोर्ट ने संविधान के विपरीत बताते हुए दिया आदेश।

दैनिक भास्कर ने खबर दी है–प्रदेश में घरलू सिलेंडरों के दुरूपयोग रोकने के लिए होंगे विशेष निरीक्षण। हिमाचल दस्तक की एक खबर है–जिला दंडाधिकारी की अदालत में चलेगा चेस्टर हिल्स का मामला, सरकार ने डीसी सोलन को भेजा पत्र।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- हवाई संपर्क व पर्यटन को मजबूत करने के उदेश्य से प्रदेश सरकार ने दिल्ली–शिमला व शिमला–धर्मशाला मार्गों पर दैनिक हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए एलाइंस ऐयर के साथ किया एमओयू
- प्रदेश में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर आज रिवाइज्ड व अंतिम रोस्टर किया जाएगा जारी

- मंडी में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में आज संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव पर बनेगी रणनीति

- एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत मंडी जिला में विशेष सत्रों का हो रहा आयोजन

- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज और कल मौसम रहेगा खराब, मध्यवर्ती क्षेत्रों में ओलावृष्टि को लेकर आरेंज अलर्ट जारी